राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Raja Mansingh Tomar
Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

क्र...384....परीक्षा / रा.मा.तो.वि.वि / 2025 ग्वालियर, दिनांक 23/05/2025

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष
राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय,
ग्वालियर

समस्त प्राचार्य,
सम्बद्धता प्राप्त संगीत एवं कला महाविद्यालय
मध्यप्रदेश

**विषयः— सेमेस्टर परीक्षा सत्र जून—2025 की प्रायोगिक परीक्षा के आयोजन के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सूचित किया जाता है कि, विश्वविद्यालय स्तर की सेमेस्टर परीक्षा सत्र जून—2025 के अन्तर्गत आयोजित की जाने वाली समस्त प्रायोगिक परीक्षायें **दिनांक 02.06.2025 से 14.06.2025** के मध्य विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षकों के माध्यम से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। यदि किन्ही कारणों से प्रायोगिक परीक्षा आयोजित करने में कोई समस्या आ रही है, बाह्य परीक्षक का नियुक्ति पत्र प्राप्त नहीं हुआ हो इत्यादि तो उसके समाधान के लिये विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में तत्काल प्रभाव से सम्पर्क करें जिससे समयावधि में प्रायोगिक परीक्षायें सम्पन्न कराई जा सकें।

- विभागाध्यक्ष / महाविद्यालय द्वारा संबंधित परीक्षार्थियों के सी.सी.ई / मिड टर्म / आंतरिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथियों के मध्य ही प्रविष्ट करने होंगे, उक्त अंक प्रविष्ट न करने की स्थिति में संबंधित परीक्षार्थी का प्रवेश—पत्र Download नहीं होगा और प्रवेश—पत्र के अभाव में संबंधित परीक्षार्थी को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित किया जाना संभव नहीं हो सकेगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व केन्द्राध्यक्ष / महाविद्यालय / प्रबंधन / विभागाध्यक्ष का होगा।
- बाह्य परीक्षकों के मानदेय बिलों पर बाह्य परीक्षक का पेन नम्बर (PAN NO.) एवं बैंक खाते का विस्तृत ब्यौरा अनिवार्य रूप से अंकित करें।
- यदि कोई परीक्षा केन्द्राध्यक्ष / महाविद्यालय प्रबंधन प्रवेश—पत्र के अभाव में किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश देता है तो संबंधित परीक्षार्थी की परीक्षा स्वतः ही निरस्त समझी जावेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व केन्द्राध्यक्ष / महाविद्यालय / प्रबंधन / विभागाध्यक्ष का होगा।

**(परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित)**

परीक्षा प्रभारी

क्र...385....परीक्षा / रा.मा.तो.वि.वि / 2025 ग्वालियर, दिनांक 23/05/2025

**प्रतिलिपि :—**

01. माननीय कुलपति जी, रा.मा.तो.वि.वि. ग्वालियर की ओर सादर सूचनार्थ।
02. संचालक महोदय, संस्कृति संचालनालय, भोपाल की ओर निज सचिव के माध्यम से सादर सूचनार्थ।
03. कुलसचिव महोदय, रा.मा.तो.वि.वि. ग्वालियर की ओर सादर सूचनार्थ।
04. वित्त नियंत्रक, रा.मा.तो.वि.वि. ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
05. समस्त विभागाध्यक्ष, रा.मा.तो.वि.वि. ग्वालियर एवं उनके माध्यम से संबंधित छात्र—छात्राओं को सूचनार्थ।
06. प्राचार्य, संबद्ध समस्त संगीत एवं कला महाविद्यालय एवं उनके माध्यम से संबंधित छात्र—छात्राओं को सूचनार्थ।
07. सूचना पटल पर चस्पा एव वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
08. संबंधित पत्रावली।

परीक्षा प्रभारी

स्वरांग परिसर, नीडम रोड़, नाका चन्द्रवदनी चौराहा ग्वालियर (म.प्र.) — 474002
दूरभाष—0751—4000889